# जब भी मुसीबत आई है तूने लाज बचाई है लिरिक्स

जब भी मुसीबत आई है,
तूने लाज बचाई है,
आज भी तेरा,
रस्ता देख रहे हम,
जल्दी आ जाओ,
वरना रो देंगे हम।bd।

---

थाम ले मेरी जीवन डोरी,
श्याम धनी सरकार,
तुझसे ही बस आस लगाई,
लीले के असवार,
मेरी जीवन नैया जो,
हिचकोले गर खाए तो,
माझी बनकर,
पार लगाना मोहन,
जल्दी आ जाओ,
वरना रो देंगे हम।bd।

---

ये छोटी सी अरदास है मेरा,
हाथ पकड़ रखना,
बुरा हूँ चाहे भला हूँ मेरी,
ख़ैर ख़बर रखना,
सही ग़लत मैं जैसा हूं,
आखिर बेटा तेरा हूं,
मुझको तेरे होते,
कैसा है ग़म,
जल्दी आ जाओ,
वरना रो देंगे हम।bd।

---

मन में सबके विश्वास है पूरा,
आएंगे बाबा श्याम,
दिल में छुपी जो वो बात करूंगा,
मैं साँवरिया के साथ,
सामने तेरे बैठूंगा,
एकटक तुझको देखूंगा,
'सचिन' का दिल ये,
जब तक जाए ना भर,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जब भी मुसीबत आई है,
तूने लाज बचाई है,
आज भी तेरा,
रस्ता देख रहे हम,
जल्दी आ जाओ,
वरना रो देंगे हम।bd।

**Singer – Mayur Gupta**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com